## NEWS इन ब्रीफ

### आंधी तूफान से किसान परेशान

**पाटन।** क्षेत्र में आंधी-तूफान,पानी और ओलावृष्टि से भारी तबाही मची है। खपरैल व सीट से बने घर उजड़ गये । वहीं किसानो के रबी फसल को भारी नुकसान हुआ है। इस आंधी-तूफान ने गरीबो को बेघर कर दिया। वही सहदेवा के अवध बिहारी मेहता का सीट का बना घर पुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। पाल्हे कला पंचायत, लोईंगा पंचायत, नौडीहा पंचायत, सगुना पंचायत, सेमरी, हिसरा बरवाडीह, मेराल, शोले, रजहारा, केल्हार व उताकी पंचायत का क्षेत्र आंधी-तूफान से काफी प्रभावित हुआ है। आम के लगे फल पुरी तरह बर्वाद हो गया। महुआ में लगे फल भी बर्वाद हो गया है। वहीं क्षेत्र में 24 घंटे से बिजली आपूर्ति हुई बाधित।

### हरिहरगंज में 11 वाहन जब्त

**हरिहरगंज।** पलामू के एमवीआइ रंजीत मरांडी ने रविवार को हरिहरगंज थाना के समीप एनएच-139 पर स्थित इंटरस्टेट चेक पोस्ट से 11 वाहन को जब्त किया है। इनमें दो ट्रेलर, एक बस, एक पिकअप तथा सात टेंपो शामिल हैं। एमवीआइ रंजीत मरांडी ने बताया कि सभी जब्त वाहनों के कागजात की जांच की गई। आवश्यक कागजात प्रदूषण, इंश्योरेंस पेपर नहीं होने तथा ओवरलोड के आरोप मे वाहनों को जब्त किया है। उन्होंने बताया कि इन दिनों सड़क पर नियम के विरुद्ध चल रहे वाहनों पर लगातार मुहिम चलाई जा रही है तथा नियम की अनदेखी किये जाने पर जुर्माना भी वसूला जा रहा है। फिलहाल उक्त सभी वाहनों को स्थानीय हरिहरगंज थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

### देशी पिस्तौल के साथ दो युवक धराये

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के माधवखाड गांव निवासी अखिलेश यादव एवं काचन गांव निवासी अखिलेश मोची को सरजा गांव में शनिवार के शाम में ग्रामीणों ने एक देसी पिस्तौल के साथ पकड़ कर रामगढ़ पुलिस के हवाले किया। रामगढ़ के थाना प्रभारी प्रभात रंजन राय ने बताया कि दोनों युवकों से पूछताछ करने के बाद रविवार को जेल भेज दिया गया है। ग्रामीणों ने पुलिस को बताया कि रामगढ़ थाना क्षेत्र के सरजा गांव निवासी मिथुन भुइयां के पास तीन हजार रुपये बकाया था। दोनों युवक शनिवार की शाम में एक बाइक पर सवार होकर पैसा मांगने पहुंचे थे। पैसे मांगने के क्रम में विवाद होने लगी। शोर सुन ग्रामीणों को आता देख दोनों युवक भागने लगे। इसी क्रम में एक युवक के पास से एक देशी पिस्तौल गिर गया। इसके बाद ग्रामीणों ने दोनों युवक को घेरकर पकड़ रामगढ़ थाने की पुलिस के हवाले कर दिया।

### कांग्रेस पार्टी चार को निकालेगी मशाल जुलूस

**मेदिनीनगर।** कांग्रेस पार्टी के प्रदेश महासचिव सह पलामू जिला प्रभरी विनय सिन्हा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चार अप्रैल को जिला मुख्यालय मेदिनीनगर में मशाल जुलूस निकालेगी जबकि पांच अप्रैल को नुक्कड़ सभा करेगी। छह अप्रैल टाउन हॉल में जनता से पार्टी के नेता रूबरू होंगे जबकि 15 अप्रैल से सत्याग्रह का दूसरा चरण शुरू किया जाएगा। मेदिनीनगर स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रेस से बातचीत में विनय सिन्हा ने कहा कि भाजपा की सरकार सिर्फ अंबानी और अडानी का साथ दे रही है, परंतु कांग्रेस पार्टी ऐसा नहीं होने देगी। राहुल गांधी को सजा दिलाने और सदस्यता रद्द करने का काम भाजपा की सरकार ने सुनिश्चित की है। प्रेस से बातचीत के दौरान जिला अध्यक्ष बिटू पाठक, बिनोद तिवारी, लक्ष्मी नारायण तिवारी आदि मौजूद थे।

### दो युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

# महिला ने पुत्री का अश्लील वीडियो बनाने का लगाया आरोप



नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधुआ गांव की एक महिला ने देवरी ओपी में आवेदन देकर गांव के ही निभु कुमार सिंह व अंकित कुमार सिंह पर अश्लील विडियों बनाने का आरोप लगाया है। उसने बताया कि मेरी पुत्री 31 मार्च 2023 को एडमिट कार्ड लेने प्लस टू उवि हुसैनाबाद के लिए निकली थी। पीरियड की वजह से वह नहर मोड़ के पास थोड़ा दूर जाकर खेत में बैठी थी। इसी क्रम में गांव के ही निभु कुमार सिंह व अंकित कुमार सिंह वहां पहुंच कर उसके साथ आपत्तिजनक स्थिति में वीडियो बना कर गांव में हल्ला कर दिया। अपनी इज्जत के डर से उसने कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे तत्काल अनुमंडलीय अस्पताल हुसैनाबाद पहुंचाया गया। जहां इलाज के बाद उसकी स्थिति खतरे से बाहर है। इस संबंध में देवरी ओपी ने प्राथमिकी दर्ज कर अग्रेत्तर कार्रवाई की जा रही है।

### मसिहानी में गुरुकुल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन

# स्थापना से छात्र जीवन के हर क्षेत्र में करेंगे बेहतर : अरविन्द

नवीन मेल संवाददाता

**छतरपुर।** गुरूकुल आवासीय विद्यालय का उद्घाटन मुख्य अतिथि युवा समाजसेवी सह नगर के पूर्व अध्यक्ष के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ,राजद के जिला अध्यक्ष मोहन विश्वकर्मा,राजद के वरिष्ठ नेता विजय राम,रामप्रताप सिंह, डॉ शिव प्रसाद शर्मा, पूर्व मुखिया कुलदेव यादव ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया। वहीं स्कूल के निदेशक प्रदीप कुमार ने कहा कि गुरुकुल पद्धति के आधार पर गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने की उनकी एक सकारात्मक कोशिश है। वहीं कार्यक्रम का संचालन श्याम सांवरिया ने किया । वहीं अध्यक्षता स्कूल के संचालक प्रदीप कुमार ने किया। मौके पर अरविंद गुप्ता ने कहा कि आज छतरपुर निःसंदेह बदल रहा है। शिक्षा के प्रकाश से छतरपुर धीरे धीरे जगमग करने लगा है। इस विद्यालय की स्थापना से उम्मीद है कि छात्र जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर करेंगे। वहीं मोहन विश्वकर्मा ने कहा कि स्कूल के शिक्षकों को अपनी गरिमा का ध्यान रखते हुए बच्चों को बेहतर शिक्षा देनी होगी। अंत में स्कूल की प्रिंसीपल रंजू कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। वहीं दूसरी ओर अरुण आवासीय विद्यालय ने भी कार्यक्रम का आयोजन कर अपने छात्रों के वार्षिकोत्सव परीक्षाफल का परिणाम जारी किया। वहीं मुख्य अतिथि अरविंद गुप्ता चुनमुन, नगर पंचायत के उपाध्यक्ष सुभाष मिश्रा बुल बाबा, डॉ संतोष, पंचम कुमार इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सभी ने संयुक्त रूप सरस्वती माता की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मौके पर सफल छात्रों को सभी ने संयुक्त रूप से परीक्षाफल की प्रति के मार्क शीट के साथ गिफ्ट प्रदान किया। छात्रों को सम्बोधित करते हुए अरविंद गुप्ता ने कहा कि वे छात्रों को शुभकामनाएं देते हैं कि वे जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृढ़ता से एक मिसाल कायम करें। वहीं सुभाष मिश्रा ने कहा कि शिक्षा वह धन है जिसे कोई छीन नहीं सकता इसलिए छात्रों को लगन के साथ पढ़ाई करनी चाहिए। इस मौके पर दोनों स्कूल के सभी शिक्षक और सैकड़ो की संख्या में पैरेंट्स और ग्रामीण उपस्थित रहे।



### झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास पहुंचे पांकी

# राज्य को इस्लामिक स्टेट बनाने की कोशिश : रघुवर



**विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है, भाषा का विवाद नियोजन नीति के नाम पर शुरू कर दी : रघुवर दास**

नवीन मेल संवाददाता

**पांकी।** किसी के बाप नहीं उस पर सभी का अधिकार है। उक्त बातें रघुवर दास ने कही। वे रविवार को पांकी के हरना मे दंगा पीड़ित परिवारों का हाल जानने पहुंचे थे। उन्होंने कहा भारत आध्यात्मिक देश है। धर्म भ्रष्टों की सरकार बनने के बाद से बहुंख्यकों के त्योहारों पर सरकार के संरक्षण मे विरोध होता है। कांग्रेस और जेएमएम की सरकार ने गठन के पशचात से ही इस्लामिक स्टेट बनाने की कोशिश की है। जो कभी पूरा नहीं होने दिया जायेगा। साढ़े तीन वर्षों मे सरकार एक समुदाय को खुश करने के लिए दलितों और आदिवासियों पर अत्याचार बढ़े हैं। राज्य सरकार की सह पर लोहरदगा मे दो- दो बार दंगे हुए। विधानसभा मे नमाज कक्ष बनाई गई। विधानसभा लोकतंत्र का मंदिर है। भाषा का विवाद नियोजन नीति के नाम पर शुरू कर दी। हिन्दी को हटाकर उर्दू को शामिल कर दिया। राष्ट्र विरोधी शक्तियां, जेएमएम, कांग्रेस और वामंपथी ये चाहते हैं कि जगह जगह दंगे हों। सत्ता आती है और जाती है। डीसी और एसपी को चेतावनी देते हुए कहा कि निष्पक्ष तरीके से काम करो। राजनीतिक पार्टियों के कार्यकर्ताओं की तरह कार्य ना करें। नारी शक्तियों पर पुलिसकर्मियों ने लाठियां चलाई। सवालिये लहजे मे पूछा क्या पुरूष पुलिसकर्मियों द्वारा स्वयं के घरों मे महिलाओं की पिटाई करते हो। जांच पड़ताल किये वगैर हिन्दुओं को परेशान करोगे तो पूरा भाजपा पांकी मे जन आंदोलन करेगा। एक वर्ग को खुश करने के लिए महिला, बच्चों और बुजुर्गों को पीटा, यदि परेशान किया गया तो डीसी और एसपी के आवास को घेरेंगे। छह सौ वर्ष तक मुगलों ने जबरन धर्मांतरण कराया। धर्म की रक्षा के लिए दस बार भी जेल जाना पड़े तो तैयार हैं। जंगल राज की तरह पुलिस निर्दोष महिलाओं का हाथ तोड़ दिया।

## सनातनियों पर आक्रमण बढ़े हैं



पांकी विधायक डा० शशिभूषण मेहता ने कहा कि महाशिवरात्रि पर्व को लेकर तोरणद्वार लगाया जा रहा था। वहां के चुड़ीहार लोग निरंजन सिंह का मारकर माथा फाड़ दिया। तोरणद्वार का विरोध किया गया। चूड़ीहारों के द्वारा मस्जिद के सामने बीच सड़क पर टेंट लगाकर अवरुद्ध किया जाता रहा है। जलसा बीच सड़क पर की जाती है। तोरणद्वार लगाने के लिए शाम मे विरोध कर बंद कराया गया। टाटीदीरी के हारूण मियां का ट्रैक्टर से रात मे टुकड़े ईंट मंगाकर मस्जिद पर चढ़वाया गया। षडयंत्र कर हिन्दुओं पर पेट्रोल बम और ईंट के टुकड़ों से हमला किया गया। सीओ ने काफी गड़बड़ कर 119 लोगों पर नामजद मुकदमा और 400 अज्ञात हिन्दुओं पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। पुलिसकर्मियों के द्वारा रात मे महिलाओं को परेशान किया जा रहा है। जांच के नाम पर हिंदुओं को ठगा जा रहा है। लालसूरज ने कहा कि 15 फरवरी को हुई अनहोनी काफी दुखद है। सुबह के वक्त काफी लोग घटना वाली चौक मे जुटते हैं। इस वजह से कई लोग वीडियो फुटेज मे आये हैं। अंचलाधिकारी के द्वारा किये गये केस मे एक ही व्यक्ति को दोबारा आरोपी बनाकर केस किया जा रहा है। ओरोपी बनाकर निदोर्षों को परेशान किया जा रहा है। पीड़ितों के लिए संघर्ष को वह सदैव तत्पर हैं। पीड़ित की मां अकली देवी ने कहा कि तोरणद्वार लगाने गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने मेरा बेटा को मारना शुरू कर दिया। हाईस्कूल के पास पति व दूसरा बेटा होटल मे थे। इसके बावजूद झूठे केस मे फंसा दिया। रात्रि मे थाना की पुलिस आकर दरवाजा व खिड़की दरवाजा तोड़कर घर मे घुस गये। बिस्तरों को फेंक दिया। घर के बुजुर्गों को पकड़ कर डराया गया। धक्का मुक्की मे गिरने की वजह से हाथ टूट गया। झूठे केस के वजह घर के पुरूष सदस्य घर से बाहर भटक रहे हैं। वहीं उपनेती देवी ने बताया कि पुलिस आकर घर के अंदर महिलाओं व पुरूषों को पुलिसकर्मियों ने मारपीट किया। बिंदी देवी ने बताया कि उसके पति हरियाणा मे मजदूरी करते हैं। पूनम देवी ने कहा कि मेरे पति पंकज सिंह डालटनगंज गये थे । इसके बाद भी पति को केस मे फंसा दिया गया। बिनोद प्रसाद ने कहा फुटपाथ मे मेरा दुकान है। पैर मे गर्म तेल की वजह से पैर मे जख्म हो गया है। दुकान का सामान अंदर करने के दौरान मेरे बेटे को पकड़कर जेल भेज दिया गया। संध्या देवी ने कहा मेरी बड़ी गोतनी का बेटा का नाम केस मे दिया गया। 5 मार्च को पुलिस आई, पूरा घर का छानबीन किया। पुनः रात मे 12 बजे घर के छत से पुलिस आ घुसी। हमलोग डर के साये मे जी रहे हैं। बिनोद सिंह ने कहा घटना के दिन पांकी मे मेरा बेटा सीसीएल मे आनड्यूटी था । बावजूद केस मे नाम डाल दिया गया। वीणा देवी ने कहा कि पुलिस बक्सा मे आरोपी को ढूंढती है। मौके पर, विधायक आलोक चौरसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष विजयनंद पाठक, मंगल सिंह, भाजपा नेत्री लवली गुप्ता, भाजपा युवा नेता अजय प्रसाद गुप्ता, किसलय तिवारी, विनोद सिंह, प्रोफेसर बचन ठाकुर सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सेवानिवृत्त एएसआई को दी गई विदाई



नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक में काफी दिनों से सेवा देने के बाद 31 मार्च2023 को एएसआई किरो मंडल का विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन छह मुहान चौक स्थित यातायात ऑफिस में किया गया। विदाई सम्मान समारोह में मुख्य रूप से ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह, टीओपी टू प्रभारी रुद्रानंद सरस मुख्य रूप से उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह ने कहा कि पुलिस को एक न एक दिन रिटायर होना ही पड़ता है। उन्होंने कहा कि जब से ट्रैफिक में किरो मंडल पदभार संभाले थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को कंट्रोल करने का काम किया है। उनके रिटायर होने के बाद ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को उनकी कमी महसूस होगी । वहीं मौके पर उपस्थित रूद्रानंद सरस ने कहा कि जब हम ट्रैफिक में थे तो किरो मंडल का बेहतर काम रहा था।और ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू ढंग से वह चला रहे थे। वही मौके पर उपस्थित सेवानिवृत्त किरो मंडल ने उन सभी पुलिसकर्मी पदाधिकारी, सहायक पुलिस कर्मियों को बधाई दी है, जो उनके साथ हमेशा से मिल जुल कर काम करते आ रहे हैं। मौके पर सहायक के जवान हरेंद्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह,अमित कुमार मिश्रा, कुणाल दुबे, शीतल प्रजापति, ओम प्रकाश, मुरारी रजक, जिला बल के जवान संतोष कुमार अनिल कुमार रवि, विधान चंद्र महतो सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

# 554 लाभुकों को अभी तक नहीं मिली प्रथम किस्त की राशि

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** पलामू जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के 263 लाभुकों के खाता में राशि भेजी गई है। 164 लाभुकों को तीसरी किस्त एवं 99 लाभुकों को दूसरी किस्त की राशि भेज दी गई है। नगर पंचायत क्षेत्र में 1298 आवास योजना का चयन हुआ है जिसमें 744 लाभुकों को आवास निर्माण के लिए राशि दी गई है। 554 लाभुकों को अभी प्रथम किस्त की राशि भी नहीं मिली है। इसके कारण लाभुक आवास निर्माण के लिए नगर पंचायत का रोजाना चक्कर काट रहे हैं। हरिहरगंज को नगर पंचायत बने तीन वर्ष से अधिक हो गए हैं, लेकिन राशि के अभाव में अभी तक एक भी आवास पूर्ण नहीं हुआ है। खाप कटैया मोहल्ला के राजेंद्र सिंह ने बताया कि एक वर्ष पहले आवास निर्माण कि स्वीकृति मिली है लेकिन अभी तक राशि नहीं मिली है जिसके कारण आवास निर्माण शुरू नहीं हुआ है। कई लाभुक आवास निर्माण के लिए अपना घर तोड़ दिए है लेकिन राशि नहीं मिलने के कारण आवास निर्माण का काम बंद है। लोग किसी तरह टूटे-फूटे घर में रहने को विवश हैं। नगर पंचायत विभाग के खिलाफ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर पंचायत कार्यालय में जाकर कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके है। बावजूद इसके नगर पंचायत का ध्यान इस ओर नहीं है। नगर पंचायत कार्यालय में कार्यरत कर्मी संजय राणा ने बताया कि 263 लाभुकों के खाता में राशि भेजी गई है। उन्होंने कहा कि राशि के अभाव में आवास निर्माण का काम लंबित है सभी लाभुकों के खाते में राशि भेजी जाएगी ताकि आवास निर्माण का काम तेजी से पूरा हो सके।



### जमीनी विवाद में महिला सहित अन्य घायल

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के रेड़मा निवासी सत्येंद्र पांडे की पत्नी कौशल्या देवी उम्र 45 वर्ष जमीनी विवाद के मारपीट में गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर सत्येंद्र पांडे की पत्नी का जमीनी विवाद को लेकर मोहल्ले के संजीव कुमार तिवारी के साथ झगड़ा हो गया। झगड़ा में सत्येंद्र पांडे की पत्नी कौशल्या देवी, बेटी राखी कुमारी, पूजा पांडे, बेटा ऋषभ राज पांडे घायल हो गए। इसके बाद इस घटना की जानकारी टीओपी टू प्रभारी रूद्रानंद सरस को दी गई। जानकारी मिलते ही रूद्रानंद सरस घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया। जहां इलाज के बाद भी कौशल्या देवी की स्थिति गंभीर बनी हुई है।

**सदन** | मरीज को विधायक ने दी सहयोग राशि

# पैसे के अभाव में लाचार था मरीज

**विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री को अनुसंशित प्रेषित पत्र किया**

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** स्थानीय विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड के कचरा गांव निवासी मुकेश कुमार को मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रूपए का चेक प्रदान किया। रविवार को एक सादे समारोह में विधायक कमलेश कुमार सिंह ने मुकेश कुमार को चेक प्रदान कर बेहतर ढंग से इलाज कराने की सलाह दी। मुकेश कुमार का इलाज लखनऊ के पीजीआई में चल रहा है। मुकेश कुमार पैसे के अभाव में इलाज कराने में असमर्थता महसूस कर रहे थे। उन्होंने हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह से मिलकर अपनी आर्थिक समस्या बताई। विधायक ने तत्काल मुख्यमंत्री को अनुसंशित पत्र प्रेषित किया था। मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी राहत कोष से एक लाख रुपए का चेक विधायक को प्राप्त होने के बाद उन्होंने मुकेश कुमार को बुलाकर चेक प्रदान कर दिया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के नागरिक उनके परिवार के सदस्य हैं। एक- एक सदस्य के सुख दुःख में हमेशा साथ रहते हैं। यही वजह है कि उन्हे हर संभव मदद का प्रयास करते हैं। इस मौके पर एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह, विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मनान खान, हुसैनाबाद बीस सूत्री अध्यक्ष गुड्डु सिंह, बिमलेश कुमार सिंह, विनय पासवान, प्रिंस शर्मा, राजकुमार ठाकुर, बलराम मेहता के अलावा कई लोग मौजूद थे।



# कांग्रेस जिला दलित प्रकोष्ट ने किया सत्याग्रह का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** जिला दलित प्रकोष्ठ के द्वारा रविवार को रांची मे सत्याग्रह का आयोजन किया गया। प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अशोक पासवान ने महात्मा गाँधी की तस्वीर पर फूल चढ़ाकर नमन व श्रद्धांजलि दी। मौके पर उन्होंने बोला की भाजपा की सरकार विफल सरकार है। वह ओबीसी व दलित विरोधी है। भाजपा दलितों का शोषण कर रही है । भाजपा सरकार सिर्फ पूंजीपतियों के लिए कार्य कर रही है। भाजपा सरकार ओबीसी और दलितों को सिर्फ छलने का प्रयास कर रही है । इस बार भाजपा को पुरे भारत के ओबीसी और दलित मिलकर उखाड़ फेकेंगे। इस कार्यक्रम मे पलामू के कांग्रेस कमेटी ने भी भाग लिया। कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष जैश रंजन, कामगार कांग्रेस के अनिल सिंह, ईश्वरी पासवान, सुरेन्द्र पासवान मौजूद रहे।



NEWS इन ब्रीफ

### मारपीट की घटना में दंपति घायल, अस्पताल में भर्ती

**मेराल।** मेराल थानांतर्गत बौराहा गांव निवासी देवनाथ मेहता व उसकी पत्नी किरण देवी मारपीट की घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों पति-पत्नी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में किरण ने आरोप लगाया कि उसकी शादी के 16 वर्ष हो गए हैं। उसे अबतक कोई संतान नहीं है। उसी बात को लेकर उसे बार-बार प्रताड़ित किया जा रहा था। रविवार को किरण अपने ससुर से घर में हिस्सा मांगने लगी तो ससुर उसे घर से निकाल रहा था। उसी बात को विरोध करने पर ससुर दूदून महतो, देवर चंद्रिका मेहता, सास विंध्याचल देवी, गोतनी शीला देवी ने उसके साथ मारपीट करने लगे। घटना को देखकर उसका पति देवनाथ महतो बीच-बचाव करने गया। तब उसके साथ भी मारपीट किया गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कीटनाशक खाकर आत्महत्या का प्रयास

**चिनियां।** चिनियां थाना क्षेत्र के बाजार टोला निवासी कुर्बान अंसारी की पुत्री शमा बानो ने रविवार को कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। तबीयत बिगड़ने पर उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में उसकी मां अमिला बीवी ने बताया कि घर में सभी रोजा रखे हुए थे। उसी वजह से शमा को घर में खाना बनाने के लिए कहा गया था। खाना बनाने को लेकर मां से आपस में विवाद करने लगी। बाद में जब उसकी मां डांट फटकार की तो घर में खाना बना कर रख दिया। उसके बाद कीटनाशक खा लिया। घटना की जानकारी होने पर परिजनों ने उसे सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी स्थिति खतरे से बाहर है।

### ट्रक पलटने से चालक सहित खलासी घायल

**गढ़वा।** गढ़वा-रंका सड़क एनएच 343 पर खरडीहा गांव के समीप ट्रक पलटने से ट्रक चालक व खलासी घायल हो गए। घटना के बाद दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में बलरामपुर निवासी बलदेव प्रसाद गुप्ता का पुत्र पवन गुप्ता और अखिलेश पाल शामिल हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त दोनों ट्रक लेकर बिलासपुर से समस्तीपुर जा रहे थे। उसी दौरान खरडीहा के समीप एक टेम्पो को बचाने के क्रम में ट्रक पलट गई। उसमें उक्त दोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### विभिन्न प्रखंडों के उपप्रमुखों की बैठक

**गिद्धौर(चतरा)।** रविवार को जिला के सभी उपप्रमुख की चतरा में संजय गुप्ता के आवास पर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता उप प्रमुख जितेंद्र सिंह ने किया। बैठक में उपस्थित जिले के उप प्रमुखों ने संगठन मजबूती पर विस्तृत चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि आगामी 6 अप्रैल को उपप्रमुख की जिला स्तरीय बैठक कर संघ का गठन किया जाएगा। साथ संघ गठन कर संघ के माध्यम से जिले के अधिकारियों से अपनी मांगे रखने का निर्णय लिया गया।

# विद्या भारती योजनानुसार त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर** स्थानीय सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में रविवार को विद्या भारती योजनानुसार त्रिदिवसीय आचार्य कार्यशाला संपन्न हो गया। कार्यशाला का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के सचिव रवि प्रकाश एवं प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने संयुक्त रूप से भारत माता, ओम, मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना के साथ कार्यशाला की शुरूआत हुई। कार्यशाला में विगत सत्र (2022- 23) की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र (2023-24) में भैया-बहनों व आचार्यों के सर्वांगीण विकास की नई योजनाएं को क्रियान्वित करने पर विचार विमर्श किया गया। कार्यशाला में उपस्थित आचार्यों को संबोधित करते हुए विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव रवि प्रकाश ने कहा कि आचार्य भैया-बहनों के शैक्षणिक व सहशैक्षणिक दोनों पक्षों के विकास पर निरंतर चिंतन करते रहते है। जिसका परिणाम है कि विद्यालय निरंतर विकास की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्रधानाचार्य व आचार्यो के कुशल कार्य की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने कहा कि इस आचार्य कार्यशाला से आचार्य में पूरे सत्र हेतु नवीन ऊर्जा एवं विकास सर्वांगीण विकास हेतु विभिन्न योजनाओं का निर्माण होता है।

प्रधानाचार्य विभिन्न विभागों का बंटवारा, कक्षाचार्य निर्धारण, दिवसाधिकारी तथा प्रांतीय कार्ययोजना का वाचन किया। कार्यशाला 5 सत्रों में चला। वही अंतिम सत्र में संघ प्रार्थना के साथ संपन्न की गई। कार्यशाला में सुधीर प्रसाद श्रीवास्तव, कौशलेंद्र झा, कृष्णा कुमार, विवेक पाठक, अविनाश कुमार, नीरज सिंह, पिंटू सिंह, नंदलाल पांडे, सुजीत कुमार दुबे, दीपक सिंह, रेनू पाठक, नीतू कुमारी, नीति कुमारी, सत्येंद्र प्रजापति, जयप्रकाश चौधरी, आरती श्रीवास्तव, सुप्रिया कुमारी, संध्या कुमारी, तन्वी कुमारी, पूजा कुमारी, चांदनी देवी, सहित विद्यालय के सभी आचार्य और दीदी जी मौजूद थे।

# बोलेरो-बाइक की आमने-सामने की टक्कर, बाइक सवार तीन लोग घायल



**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के झगराखाड़ गांव के डीहवार बाबा के समीप बोलेरो और मोटरसाइकिल के आमने-सामने के टक्कर में मोटरसाइकिल सवार तीन लोग घायल हो गए। घायलावस्था में भाजपा नेता निरंजन पाठक, जेपी गुप्ता, विष्णुकांत कुमार ने स्थानीय लोगों के सहायता से भवनाथपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। तीनो घायलों का डॉ. इन्द्रकिशोर के द्वारा इलाज किया जा रहा था। घायलों में सगमा निवासी मनोज पासवान उसकी 12 वर्षीय पुत्री राजनंदनी कुमारी, 6 वर्षीय आंशिक कुमारी शामिल हैं। घटना के संबंध में स्थानीय लोगो ने बताया कि मोटरसाइकिल सवार भवनाथपुर से अपने ससुराल बंसानी पंचायत के मुखिया लाइची देवी के घर जा रहे थे जाने के क्रम में डीहवार बाबा के समीप आमिल से आरहे बोलेरो गाड़ी संख्या सीजी 090438 वापस धुरकी थाना के रकसी गांव जा रहे ने टक्कर मार दिया। दुर्घटना के बाद ड्राइवर गाड़ी छोड़ कर फरार हो गया। वही गाड़ी को भवनाथपुर थाना प्रभारी ने जब्त कर लिया। घटना की सूचना के बाद झामुमो प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव, विजय रावत, विधायक प्रतिनिधि सुनील सिंह , कुंदन ठाकुर ने अस्पताल पहुंच कर जानकारी ली।

# मसीही समुदायों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया खजूर पर्व





**नवीन मेल संवाददाता। बड़गड़** प्रखंड क्षेत्र में मसीही समुदाय के लोगों द्वारा खजूर पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर मसीही समुदाय के लोग खजूर पेड़ के पत्ते के साथ स्थानीय चर्च में पहुंचकर प्रभु यीशु मसीह की आराधना की। बताया गया कि खजूर रविवार खीस्तीय जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण दिन होता है। खजूर रविवार के दिन ही मसीही समुदाय के लोग पवित्र सप्ताह में प्रवेश करते हैं। संत पीटर कैथोलिक आश्रम बांड़ी खजूरी के फादर ने अपने संदेश में कहा कि प्रभु येसु जो मसीहा कहलाते हैं उन्हें लोगों ने दो दृष्टि से देखा। प्रथम, संसार के राज्य का राजा और दुसरा स्वर्ग/परलोक के राजा का राज्य। हमें दोनों राज्य के राजा को समझने की कोशिश करनी चाहिए। हमें प्रभु यीशु मसीह के बताए हुए मार्ग पर चलने की आवश्यकता है एवं हम सभी प्रेम, शांति, भाईचारा, क्षमाशील, दयालुता और शिक्षा से ईश्वर के राज्य को कायम एवं बरकरार रख सकते हैं। तभी मानव जाति का कल्याण होगा।

# युवा शक्ति कास्को नाइट अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट की तैयारियां जोरों पर



**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर** भवनाथपुर टेन प्लस टू उच्च विद्यालय के खेल मैदान में आगामी 7 अप्रैल से युवा शक्ति क्लब के तत्वधान में युवा शक्ति कास्को नाइट अंतर्राज्यीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य आयोजन कराने को लेकर कमिटी के सदस्यों द्वारा तैयारी जोर शोर से कर रहे है। इसकी जानकारी देते हुए क्लब के अध्यक्ष दीपक वर्मा ने बताया की 7अप्रैल को मुख्य अतिथि झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर द्वारा उद्घाटन किया जाएगा। इस मौके पर पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव छोटे राजा, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, ताहिर अंसारी एवं दीपक प्रताप देव उपस्थित रहेंगे। टूर्नामेंट में झारखंड, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ व बिहार से 16 टीमें हिस्सा लेंगी। टूर्नामेंट के विजेता टीम को 31 हजार व उपविजेता को 16 हजार रुपये का नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी दी जाएगी। एंट्री फीस 3100 सौ रखा गया है। मौके पर उपाध्यक्ष सुधीर यादव, सोमनाथ यादव,सचिव उप प्रमुख पिंटू टोपनो, सह सचिव प्रेम यादव,ओम नारायण यादव, संयुक्त सचिव अनूप प्रकाश यादव, कोषाध्यक्ष अनूप गुप्ता, खेल प्रभारी तेजस्वी यादव, सिद्धार्थ सिंह, व्यवस्थापक सोनू यादव, पप्पू रावत, सदस्य विकल यादव, अर्पित सिंह, पंकज यादव, धनंजय यादव, सोनू रावत, अमित यादव, अनुज गुप्ता सहित कई लोग उपस्थित थे।

चैता दुगोला कार्यक्रम का पुर्व विधायक ने किया उद्घाटन, कहा

# काम की तलाश में पलायन कर रहे हमारे क्षेत्र के युवा : अनंत प्रताप देव



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** केतार प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के अजनीया गांव में शनिवार की रात्रि में समाजिक संगठन जागृति युवा शक्ति परिषद के द्वारा चैता दुगोला कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने फीता काटकर किया।इस अवसर पर पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा की सांस्कृतिक कार्यक्रम भारतीय समाज के संस्कार में बसा है।सभी विधा में संगीत विद्या को उत्तम माना जाता है इसलिए संगीत समाज को जोड़ता है। संगीत की धुन जाति, धर्म विशेष के लिए नहीं होता है। उन्होंने कहा की इस तरह का कार्यक्रम का आयोजन समय- समय पर होते रहना चाहिए। पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा की हमारे क्षेत्र के नवजवान रोजगार की तलाश में दुसरे राज्यों में पलायन करते हैं और वहां से उनका शव घर आता है जो बहुत ही दुःख की बात है। उन्होंने कहा की क्षेत्र की जानता ने उन्हें इस बार मौका दिया तो जिस पावर प्लांट का शिलान्यास भवनाथपुर में कराया था उसका निर्माण भी पुरा कराऊंगा। चैता दुगोला कार्यक्रम में बिहार के गायक तारकेश्वर सिंह और झारखंड के अश्रेश कुमार अकेला ने एक से बढ़कर एक गीत संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को रात भर झुमने पर मजबुर कर दिया। बिहार के तारकेश्वर सिंह को विजेता घोषित किया गया। इससे पुर्व आमंत्रित अतिथियों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर प्रमुख चंद्रावती देवी, दीपक साहू, मुखिया ललीता देवी, भवनाथपुर जिप सदस्य शर्मा रंजनी, पंकज सिंह, बब्लू सिंह,मनोरंजन गुप्ता, जिप सदस्य धर्मराज पासवान, छोटन सिंह मनीष कुमार सहित जागृति युवा सेना परिषद के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास का अधिवेशन संपन

**चतरा।** जिला मुख्यालय स्थित हरलाल तालाब हनुमान मंदिर प्रांगण में अखिल ब्रह्म कल्याण संघ न्यास द्वारा अधिवेशन का आयोजन रविवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता विद्वान चंद्रशेखर पांडेय व संचालन धमेंद्र वैध ने किया। अधिवेशन का शुभारंभ मंचाशीन विद्वानों ने ब्राह्मणों के इष्टदेव भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे श्री पांडेय ने ब्राह्मणों की उत्पत्ति से लेकर ब्राह्मणों के सामाजिक उत्तरदायित्व पर विस्तार पूर्वक व्याख्या की। वहीं विद्वान संतन पांडेय ने भगवान परशुराम द्वारा पृथ्वी पर अवतरित होने और संहारक प्रतिक्रिया होने के कारण को बहुत ही सहेजते हुए विस्तार से बताया। वहीं विद्वान कर्म कांडी जुगल किशोर पांडेय ने ब्राह्मणों के दशा व दिशा पर बहुत ही मंथन किए विचार रखे। उन्होंने कहा कि आज पूरे देश में एक अलग तरह का ब्राह्मणों के विरुद्ध उपेक्षित माहौल चल रहा है।

# पूर्व सीएम के आगमन को ले विधायक ने कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी** आगामी 3 अप्रैल को पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास के बंशीधर नगर आगमन को लेकर खरौंधी भाजपा मंडल की ओर से एक कार्यकर्ताओं की बैठक शनिवार को विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव के मझिआंव स्थित आवास पर की गयी। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक भानु प्रताप शाही ने कार्यकर्ताओं को पूर्व मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर चर्चा की। उनके आगमन पर कार्यक्रम को सफल बनाने को लेकर कई सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए बहुत कुछ दिया है। जो आज धरातल पर दिख रहा है। उन्होंने उनके कार्य की सराहना करते हुए कहा कि रघुवर दास झारखंड के लिए विकास पुरुष थे। बंसीधर महोत्सव का आगाज उन्ही के द्वारा किया गया है। भवनाथपुर विधानसभा में आज 22 घण्टे बिजली आपूर्ति की व्यवस्था रघुवर दास के मुख्यमंत्री काल में भागिडीह में पवार ग्रिड बनाकर दिया है। विधायक ने कहा कि खरौंधी प्रखंड से करीब 5000 भाजपा कार्यकर्ता रघुबर दास के आगमन पर हिस्सा लेंगे। बैठक कार्यक्रम में भाजपा नेता भगत दयानंद यादव,भाजपा नेता बसंत कुमार यादव, मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा, विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र प्रसाद यादव, उपेंद्र दास, भाजपा कार्यकर्ता बिनोद सिंह, रामानंद मेहता, इग्नासुस बाड़ा, सुनील दुवे, पूरन सिंह, सतेंद्र प्रसाद यादव, विश्वामित्र यादव, सतीश राम, महेंद्र मोची, कृष्णा राम, बैजू गुप्ता, प्रभात कुमार, अमित रंजन, अवध मेहता, रवि हुसैन, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र यादव ने किया।

### राजपूत समाज की हरदिया गांव में बैठक

**इटखोरी(चतरा)।** इटखोरी प्रखंड क्षेत्र के हरदिया गांव में राजपूत समाज की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता तपेदार रणजीत सिंह व संचालन श्याम प्रसाद सिंह ने किया। वहीं मुख्य अतिथि रके रुप में समाज के हजारपति एवं पूर्व विधायक निरंजन प्रसाद सिंह एवं विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक राम लखन सिंह के साथ 12 तपा के तपेदार मौजूद थे। बैठक में समाज को विकसित एवं सुधारने पर चर्चा की गई। हजार पति पूर्व विधायक श्री सिंह ने कहा कि हमें समाज में फैली कुरीतियों को हटाकर हमें सर्वप्रथम शिक्षा पर अधिक जोर देना होगा तभी हमारा समाज सुदृढ़ हो सकता है। साथ ही साथ श्राद्ध कर्म में दशगात्र के दौरान नाश्ता चलाने की परंपरा को बंद करने, शादी समारोह में शराब को बंद करने की बात भी कही। वही पूर्व विधायक राम लखन सिंह ने कहा कि सर्वप्रथम हमें इस समाज से शराब को दूर करने की जरूरत है। शराब एक खराब आदत है जो कितने घरों को बर्बाद कर देता है। समाज को चाहिए कि क्षेत्र के ऐसे तेज बच्चे जो पैसे के अभाव में अच्छी शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते।

# पत्रकार मुस्ताक अहमद की गिरफ्तारी से मचा हड़कंप

### वरीय अधिकारियों का निर्देश मिलते ही यूट्यूब पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी : थानाप्रभारी

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई** ग्रीन लाइन यूट्यूब चैनल के ब्यूरो चीफ मुस्ताक अहमद अंसारी की गिरफ्तारी से प्रखंड क्षेत्र के दूसरे यूट्यूब चैनलों के ब्यूरो चीफ व उसके पत्रकारों के बीच हड़कंप मच गया है। करूं तो क्या करूं और क्या नहीं करो कि स्थिति उनके बीच उत्पन्न हो गई है। प्रत्येक दिन अपने अपने हाथों में लोगों लेकर सड़कों पर घूमने वाले उक्त पत्रकारों का दर्शन एका एक दुर्लभ हो गया है। जहां उन्हें प्रत्येक दिन दर्जनों से भी अधिक की संख्या में होकर आपस में बात करते देखा जा रहा था वह अस्थल दिन दिनों बिल्कुल रूप से बिरान हो गया है। इतना ही नहीं मुस्ताक की गिरफ्तारी ने सभी यूट्यूब चैनल के पत्रकारों की सच्चाई का भी पोल खोल कर रख दिया है। अब तक वे सभी जहां पत्रकार बन किसी से बात कर ले रहे थे या किसी से सवाल ही पूछने का काम कर रहे थे क्या अब उन्हें उक्त लोग तरजीह देंगे या फर्जी पत्रकार बता पुलिस पदाधिकारियों से उन्हें पकड़वाने का काम करेंगे यह एक बड़ा सवाल बन गया है। क्योंकि गिरफ्तारी के बाद आरक्षी निरीक्षक के के साहू के पूछताछ में ब्यूरो चीफ मुस्ताक ने इस बात का खुलासा किया है कि किसी भी स्तर का खबर चलाने का अधिकार हम जैसे ब्यूरो चीफ या अन्य यूट्यूब पत्रकारों के पास नहीं है। बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्रों में दर्जनों से भी अधिक यूट्यूब पत्रकारों की संख्या हो गई है।

उनमें एक दो लोग ब्यूरो चीफ भी बन बैठे हैं। जिले के अन्य प्रखंडों में उनके द्वारा अपना रिपोर्टर भी बना लिया गया है। इधर तो इधर लेकिन 15 अगस्त और 26 जनवरी में उनकी संख्या में काफी बढ़ोतरी हो जाती है। जिन्हें उक्त अवधि में देखा जाता है। मामले में थाना प्रभारी शाहबाज अंसारी ने बताया कि यूट्यूबर पत्रकार की सच्चाई को पुलिस की पकड़ में आया मुस्ताक अहमद ने बता दिया है। उन्होंने कहा कि जिले के वरीय अधिकारियों का निर्देश मिलते ही थाना क्षेत्र के यूट्यूब पत्रकारों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी जाएगी।

परेशान

## मुखिया ने ग्रामीणों व व्यवसायीं वर्ग के साथ की बैठक

# पानी निकासी व अतिक्रमण मुक्त कराने पर चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। केतार** राजकीय मध्य विद्यालय केतार के प्रांगण में रविवार को आम ग्रामीणों एवं व्यवसायी वर्ग के लोगो के साथ मुखिया प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में आम बैठक की गई। इस बैठक में झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप लगे सड़क पर जलजमाव एवं केतार बाजार में अतिक्रमण को लेकर आम ग्रामीणों और व्यवसाई वर्ग के लोगो ने अपनी राय व्यक्त किया। इस बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कर्पूरी गेट से मुख्य बाजार होते हुए मां चतुभुर्जी मंदिर तक सड़क के दोनो तरफ अतिक्रमण को मुक्त कराया जाएगा। झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के समीप सड़क पर लगे जल जमाव को मोटर से पानी निकासी कराई जाएगी। वहीं कर्पूरी गेट से राजकीय मध्य विद्यालय तक एवं धीरज प्रसाद के घर से राजकीय मध्य विद्यालय होते हुए पंडा नदी तक सड़क के दोनों तरफ नाला का निर्माण कराया जाये। सर्वसम्मति से यह भी निर्णय लिया गया। सड़क के दोनों तरफ पानी निकासी के लिए नाला का निर्माण के बाद ही पीसीसी सड़क का निर्माण होने दी जाएगी। इस मौके पर मुखिया प्रमोद कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी मुकेश मछुआ से मिलकर जल्द ही केतार बाजार के दोनो तरफ अतिक्रमण हटाने की प्रकिया शुरू होगी, ताकि आम ग्रामीणों को राहत मिल सके। इस बैठक में रामविचार साहू, रामाश्रय प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, छोटे शर्मा, सुरेश कुमार, मदन पटेल, दया प्रसाद, योगेंद्र प्रसाद, अनिल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, अवध प्रसाद, निरंजन प्रसाद, विनोद सोनी, उदय कुमार, जय शंकर कुमार, सत्यप्रकाश, ज्वाला कमलापुरी, सूर्यदेव प्रसाद, जगवत राम सहित सैंकड़ों ग्रामीण जनता उपस्थित थे।

# अंग्रेजों ने शुरू कराया, लेकिन आजाद भारत में अबतक पूरा नहीं हो पाया

**नवीन मेल। अजय सिन्हा**

**लातेहार।** अंग्रेजों ने छत्तीसगढ़ के चिरमिरी से झारखंड के बरवाडीह तक रेललाइन पर काम शुरू किया था। पुल-पुलियों के साथ रेल पांत बिछाने का काम पूरा नहीं हुआ और देश आजाद हो गया। आजाद भारत में यह रेल परियोजना अब तक अधूरी है। चिरमिरी से रेल लाइन अंबिकापुर तक बढ़ चुकी है।अंबिकापुर उत्तरी छत्तीसगढ़ का प्रमुख शहर है। अंबिकापुर से बरवाडीह तक लाइन बिछाने का काम आज भी अधूरा है। इसकी मांग कई वर्षों से की जा रही है। हाल में ही प्रस्तावित रेललाइन के अंतिम सर्वे के लिए साढ़े चार करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गई है। इससे छत्तीसगढ़ के सीधे झारखंड के रास्ते रांची-कोलकाता से जुड़ने की उम्मीद बढ़ गई है।बरवाडीह से सभी रुट की ट्रेनें है। अंबिकापुर-बरवाडीह रेल लाइन लाइन के विस्तार से छत्तीसगढ़ व झारखंड का जनजातीय बहुल क्षेत्र सीधे मुंबई, हावड़ा से जुड़ जाएगा। दूसरे रेल मार्गों की अपेक्षा दोनों महानगर की दूरी लगभग चार सौ किलोमीटर कम हो जाएगी।उत्तर छत्तीसगढ़ को परिवहन के अलावा व्यापारिक दृष्टि से बड़ा लाभ मिलेगा। यात्री सुविधाओं के साथ-साथ व्यापारिक दृष्टि से प्रस्तावित रेल लाइन लाभप्रद होगा। रेल लाइन के लिए पूर्व में कई बार सर्वे हो चुका है। रेल लाइन के लिए 434 दिनों की क्रमिक भूख हड़ताल अंबिकापुर में हुई थी।



## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की बैठक आयोजित



**मनिका।** प्रखंड मुख्यालय समीप लोहिया भवन मे शनिवार दिन को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन की बैठक आयोजित किया गया।उक्त बैठक मे राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का प्रदेश अध्यक्ष के पद पर प्रमिला कुमारी को बनाये जाने पर मानवाधिकार संगठन के कार्यकर्ताओ ने प्रमिला कुमारी को माला पहना कर स्वागत किया गया ।वही संगठन का विस्तार करते हुए राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का जिला अध्यक्ष संदीप राम को बनाया गया ।वही जिला सचिव विशाल पासवान को बनाया गया ।महिला जिला अध्यक्ष रीगा देवी को बनाया गया ।मनिका प्रखंड के महिला अध्यक्ष गुडी देवी ,प्रखंड अध्यक्ष श्यामलाल पासवान जिला कार्यकर्ता सहयोग राम प्रखंड कार्यकर्ता सुरेंद्र सिंह जिला मिडिया प्रभारी अभय कुमार को बनाया गया ।

## बालूमाथ व चंदवा में पूर्व सीएम रघुवर दास का किया स्वागत, बोले

# राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास का पांकी दौरा के दौरान बालूमाथ में पूर्व विधायक प्रकाश राम के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के अध्यक्षता में होटल देव इन में रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री के अलावे पलामू प्रमंडल प्रमुख मनोज सिंह, विधायक आलोक चौरसिया, विकास जयसवाल, जिला अध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह पूर्व विधायक प्रकाश राम, राजधानी यादव आदि को भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहना व अंग वस्त्र ओढा कर स्वागत किया।इस दौरान रघुवर दास ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड का मौजूदा सरकार पूरी तरह फेल है। राज्य मैं लाखों युवाओं को नौकरी देने का वादा किया था। यहां हजार तो दूर की बात है सैकड़ों में ही सिमट गई है. जबकि कार्यकाल का 3 वर्ष बीत चुका है। राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है पर सरकार निष्क्रिय साबित हो रही है कहा आगामी चुनाव में कार्यकर्ता खुद को बूथ स्तर तक मजबूत करें ताकि पुनः भाजपा का डबल इंजन की सरकार लाकर राज्य को विकसित राज्य बनाया जा सके। मौके पर श्री दास ने आगामी 11 अप्रैल को रांची में होने वाले रैली की जानकारी दी एवं अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की बात कही। वहीं आने वाले 5 अप्रैल को प्रखंड के बालू में जन चौपाल मैं उपस्थित होकर जनता से रूबरू होकर उनकी समस्या जाने की बात कही गई। वही संबोधन के पूर्व बालूमाथ महावीर मंदिर अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद साहू ने रघुवर दास को गुलदस्ता के साथ-साथ तलवार एवं बजरंगबली का प्रतिमा देकर सम्मानित किए। जिसके बाद श्री रघुवर का काफिला पाकी की ओर जन चौपाल के लिए रवाना हुई। वहीं बैठक का संचालन मंडल मंत्री राम कुमार गुप्ता ने किए।मौके पर उपरोक्त लोगों के अलावे प्रवीण सिंह कौशल लाल नाथ शाहदेव चेतलाल रामदास, विजय यादव, अबिन्द तिवारी, गंगेश्वर यादव, त्रिवेणी साहू, लव सिंह, प्रेम प्रसाद गुप्ता, रवि सिंह, सूरज शाह, अमित कुमार, अरुण साहू, प्रदीप यादव, कृष्ण यादव, अखिलेश भोक्ता, जुनैद अख्तर, सुनील पांडे, रविंद्र सिन्हा, राजेंद्र साव, प्रेम प्रसाद गुप्ता, मनोहर साव सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को भव्य स्वागत किया। मौके पर सैकड़ों महिला पुरुष भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। **वहीं दूसरी ओर चंदवा में** अपने पूर्व घोषित कार्यक्रम पलामू प्रमंडल दौरा के दौरान पांकी जाने के क्रम में रविवार को सूबे के पूर्व सीएम रघुवर दास चंदवा में रुककर कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। मंडल अध्यक्ष अमित गुप्ता के नेतृत्व में हरेकृष्ण सिंह,पूर्व विधायक प्रकाश राम, प्रवीण सिंह, चेतलाल रामदास, रामदेव सिंह समेत भाजपाइयों ने रघुवर दास को माला पहनाकर स्वागत किया। पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राज्य में बहानेबाजी वाली सरकार है वर्त्तमान सरकार को अस्थिर करने का भाजपा की कोई मंशा नहीं है। हम चाहते हैं कि यह महागठबंधन की सरकार अपने कार्यकाल को पूरा करें क्योंकि इन्होंने जो वायदा करके चुनाव जीता था वे अपने एक भी वादे को आज तक पूरा नहीं कर पाए हैं। यदि यह महागठबंधन की सरकार अपने कार्यकाल को पूरा करती है तो 2024 में भाजपा को पूर्ण बहुमत के साथ आने में कोई नहीं रोक सकता है। आज महागठबंधन सरकार में सत्तापक्ष के विधायक ही सरकार का विरोध कर रहे हैं। यह सरकार खनिजों को लूटने में लगी हुई है। युवा बेरोजगार है, संथाल में जोरदार विरोध प्रदर्शन हो रहा है। आने वाला समय भाजपाइयों का है। इसी निमित्त पलामू प्रमंडल के दौरे पर कार्यकर्ताओं से मिलकर क्षेत्र की जमीनी स्तर की स्थिति की जानकारी लूंगा। मौके पर डाल्टेनगंज विधायक आलोक चौरसिया, मनोज सिंह, विनय जायसवाल, दीपक निषाद, राकेश दुबे, बंशी यादव, शिव शंकर साहू, सूरज साहू, बिनय कुमार रिक्की, कृष्णा कुमार, बबलू सोनी, उमेश गंझू, लवकुश सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपाई उपस्थित थे।

### मुझे गर्व हुआ झारखंड के पूर्व सीएम ने मेरे मूंछों का प्रशंसा की : शैलेश

रघुवर दास ने शैलेश सिंह का मूछों की प्रशंसा की कहा 'मूछे हो तो शैलेश सिंह जैसा' जिससे भाजपा नेता शैलेश सिंह ने गर्व महसूस कर रघुवर दास का अभिनंदन करते हुए बतलाए कि राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री का कार्यकताओं के साथ इतना लगाव काबिले तारीफ है। निश्चित तौर पर आने वाले दिन में झारखंड का अच्छा होगा।



## बरवाडीह : सड़क हादसे में युवक घायल स्थिति गंभीर, रेफर

**बरवाडीह।** थाना क्षेत्र के बरवाडीह मेदनीनगर मुख्य सड़क में डोरामी के समीप शनिवार शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गज्जू तुरी नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह अपने नियमित गश्ती पर बरवाडी से कुटमू की ओर जा रहे थे। इसी बीच मुख्य सड़क में डोरामी के समीप एक युवक सड़क किनारे किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल अवस्था में पड़ा हुआ था। युवक की पहचान डोरामी निवासी गज्जू तूरी के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने तत्काल अपने पुलिस सहयोगियों के साथ घायल युवक को बरवाडी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां पर चिकित्सक डॉक्टर अनुपमा एक्का, बबलू सिन्हा द्वारा किया गया। वही उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उचित इलाज हेतु एमएमसीएच मेदनीनागर किया गया। घटना में बरवाडी थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह का मानवीय चेहरा उजागर हुआ है इससे पूर्व भी थाना प्रभारी द्वारा सड़क दुर्घटना में घायल लोगों का तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उसकी जान बचाने का प्रयास किया था। इस संबंध में थाना प्रभारी श्रीनिवास कुमार सिंह ने कहा कि युवक को किसी अज्ञात वाहन धक्का मार कर मौके से फरार हो गया था अगर तत्काल उसे अस्पताल नहीं पहुंचाया जाता तो उसकी जान जा सकती थी उन्होंने कहा कि युवक को धक्का मारने वाले वाहन की पहचान किया जा रहा है।

## पंचायत स्तरीय शिव चर्चा का आयोजन



**लातेहार।** रविवार को राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बचरा ,लेधपा के प्रांगण में पंचायत स्तरीय एक दिवसीय शिव चर्चा के आयोजन में सैकड़ों शिव शिष्यों ने भाग लिया। दर्जनों लोगों ने देवाधिदेव महादेव का शिष्य बनकर खुद का अहोभाग्य माना। एक दिवसीय शिव चर्चा में स्थानीय एवं दूसरे प्रखंडों के गुरु भाई बहनों ने अपने-अपने विचार व भजन प्रस्तुत कर लोगों को गुरु के प्रति समर्पित होना के लिए प्रेरित किया। मौके पर रूपा कुमारी ,मानो कुमारी व समुद्री देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शिव जगत के गुरु है ।अर्थात संसार के जितने भी लोग है सभी उनके शिष्य हैं। हम सदियों से उनका भगवान भाव से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं। कार्यक्रम में शिव शिष्य होने में सहायक तीन सूत्र पर विशेष जोर दिया गया। मंच का संचालन मुन्ना भुइयां ने किया। पूरे कार्यक्रम को लेकर पूर्व प्रमुख अशोक सिंह ने अहम भूमिका निभाई। मौके पर जिला संयोजक नूनू मल्हार, रामसेवक प्रसाद ,कामेश्वर तूरी अंजू देवी। वहीं प्रखंड संयोजक सुनेश्वर सिंह, शीला देवी ,फूलचंद सिंह ,दिलीप सिंह , जन्नाली कुमार, वहीं पंचायत संजोयक रीना देवी, विमल लोहरा, जमेदार सिंह ,संपूरन सिंह ,शिव नारायण सिंह, नंदकिशोर सिंह ,आदित्य सिंह, सुनीता देवी ,अवनीधर सिंह, सुखीराम उरांव, बालमोहन भगत, सीताराम प्रजापति ,राजदेव सिंह, कृष्णा प्रसाद ,जेठू प्रसाद, कर्मदेव सिंह समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीआरपीएफ ने किया सामग्री का वितरण



**गारू।** रविवार को नक्सल प्रभावित तिसिया में 218 बटा० के०रि०पु०बल कैम्प बारेसाढ़ में सिविक एक्सन कार्यक्रम के तहत कमाण्डेन्ट मो खालिद खान 218 बटालियन सीआरपीएफ के के निर्देशानुसार आजाद अहमद हजाम (सहायक कमाण्डेन्ट) जी/218 बटा केरिपु बल 218 बटा. के द्वारा गांव तिसिया खूँटीकरम,सेमरखॉड़ के जरूरतमन्द लोगो के बीच कढ़ाई, स्टील ड्रम, सोलर लाईट एंव डेकची आदि सामाग्री वितरण किया गया। इसके साथ-साथ ग्रामवासियों जलपान की भी व्यवस्था किया गया। इस मौके पर आजाद अहमद हजाम (सहा.कमा.) निरी/जीडी समसुद्दीन के नि/जीडी केसी मोई 218 बटा. केरिपु बल मौजूद रहे। आजाद अहमद हजाम (सहायक कमाण्डेन्ट) के द्वारा ग्रामवासियों को सम्बोधित किया गया कि सीआरपीएफ द्वारा समय-समय पर आपको ऐसे कार्यक्रम से लाभान्वित किया जायेगा।

## खरवार आदिवासी एकता संघ का गठन

**चंदवा।** प्रखंड क्षेत्र के चेटर पंचायत सचिवालय सभागार में खरवार आदिवासी एकता संघ के जिला उपाध्यक्ष अलखदेव सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में खरवार आदिवासी एकता संघ का गठन किया गया। इस अवसर पर प्रवेक्षक के रूप में दिलीप कुमार सिंह गारू उपस्थित रहे। दिलीप कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि खरवार आदिवासी वर्तमान समय में हरेक क्षेत्र में काफी पिछड़े हुए हैं। हम सभी इस संगठन के माध्यम से अपने हक अधिकार की बात उचित जगह पर रखने का काम करेंगे और अपने जाति समाज को सबल बनाएंगे। संघ में सुरेन्द्र सिंह को अध्यक्ष मना सिंह को उपाध्यक्ष, मनोरमा खरवार को उपाध्यक्ष, तारकेश्वर सिंह सचिव, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश सिंह,सह सचिव ललीता देवी,संगठन मंत्री झमन सिंह, मीडिया प्रभारी नरेश सिंह, सह मीडिया प्रभारी जयप्रकाश सिंह, सदस्य त्रिलोकी सिंह बनाए गए ।मौके पर रामभजन सिंह, जितेंद्र सिंह,भृगुराज सिंह समेत दर्जनो लोग उपस्थित रहे।

## लातेहार में स्वच्छता को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

लातेहार नगर पंचायत में स्वच्छता को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके तहत पालिथीन को लेकर लोगों को जागरूक किया गया। ऐसे में सफाई को लेकर सरकार के द्वारा कई प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे है। इसी कड़ी में लातेहार महिलाओं ने नगर पंचायत के साथ मिलकर शहर में सफाई के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए स्वच्छता मशाल मार्च निकाला। मशाल मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। दरअसल लातेहार जिला मुख्यालय में अभी भी लोग बड़े पैमाने पर पॉलिथीन का उपयोग करते है। इसके अलावा कई लोग अपने घर के बाहर या आसपास गंदगी का अंबार भी लगाते हैं। नगर पंचायत के द्वारा अपने स्तर से इस मामले को लेकर कई बार जागरुकता कार्यक्रम भी किया गया परंतु उसका ज्यादा असर नहीं दिखा।

## राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने का विरोध

# 7 से प्रखंड स्तर पर सत्याग्रह आंदोलन

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

कांग्रेस पार्टी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के बाद कांग्रेस पार्टी 7 द्वारा पूरे देश में आंदोलन किया जा रहा है.वही प्रखंड स्तर पर आंदोलन की रूप रेखा तैयार करने हेतु रविवार को प्रखंड मुख्यालय में कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित किया जिसके उपरांत कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस प्रसाद गुप्ता के द्वारा प्रेस वार्ता करते हुए केंद्र सरकार द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने का विरोध करते हुए सत्याग्रह आंदोलन करने का आह्वान किया। प्रेस वार्ता के माध्यम से कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष प्रिंस गुप्ता ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करके देश की आवाज को दबाना चाहती है पर कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार के इस सोच के खिलाफ अब सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी जिसके खिलाफ पार्टी द्वारा देशव्यापी सत्याग्रह चलाया जाएगा और सत्याग्रह कार्यक्रम के तहत 7 अप्रैल को प्रखंड मुख्यालय से इसकी शुरूआत की जाएगी। जिसमें प्रखंड के अंतिम व्यक्ति शामिल होकर केंद्र की मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करने का काम करेगी। कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि रविंद्र राम ने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करके देश की आवाज को दबाना चाहती है पर राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करके मोदी सरकार ने अपनी गलत नीतियों को जनता को बताने का काम किया है और अब जनता कांग्रेस पार्टी के साथ मोदी सरकार का विरोध करना शुरू कर चुकी है . प्रेस वार्ता में मौजूद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और 20 सूत्री के अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि पार्टी के निर्देश पर प्रखंड स्तर से लेकर राज्य स्तर तक उग्र आंदोलन सत्याग्रह के माध्यम से किया जाएगा जिसकी सभी तैयारी सभी गांव स्तर पर पार्टी नेताओं के द्वारा शुरू कर दी गई है .प्रेस वार्ता में कांग्रेस के मंडल अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, कृष्णा प्रसाद आदि मौजूद थे।



**प्रार्थना**

## खजूर के डाली हाथ में लिए हजारों लोग शोभायात्रा में हुए शामिल

# ईसाई धर्मावलंबियों का पवित्र सप्ताह शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

महुआडांड़ के बड़े चर्च में खजूर पर्व के अवसर पर मुख्य अनुष्ठानकर्ता फादर दिलीप एक्का द्वारा पवित्र मिस्सा पूजा कराया गया। उन्होंने बताया कि खजूर इतवार के साथ हम प्रभु के दुःखभोग, मरण और पुनरूत्थान के सप्ताह में प्रवेश कर रहे हैं। आज का पर्व हमें उसी जुलूस की याद दिलाता है, जो दो हजार वर्ष पूर्व येरूसालेम शहर में निकाला गया था। हाथों में खजूर की डालियों लेकर जुलूस में भाग लेने का मतलब यह है कि हम येसू को अपने हदय में एवं जीवन में स्वागत करते हैं। आज से हम पवित्र सप्ताह आरंभ कर रहे हैं। इसके दौरान येसु को हम अपने मिशन की पराकाष्ठा तक पहुंचते हुए पायेंगे। उनके जीवन, वचन और शिक्षाओं के गहरे या गुड़ अर्थ को हर खुली घटना प्रत्यक्ष करेगी। इस पुण्य सप्ताह के दौरान येसु हमारी मानवीय स्थिति, हमारे जीवन के सब दुःख दर्द कार्य चिंता, वेदना , आंशका इत्यादि की चर्चा करेंगे। वह अपने साथ हमें चलने के लिए आमंत्रित करते हैं। ताकि हम उनकी आत्म रित्तता मनोवृत्ति का अनुकरण कर सकें। यह हमारे जीवन की पीड़ा तथा दुर्दशा के निदान के लिए एक आहान नहीं है बल्कि जीवन की सच्ची स्वतंत्रता, शांति तथा प्रसन्नता के लिए एक आहान है। मिस्सा पूजा शुरू होने से पहले खजूर की डालियों के साथ चर्च परिसर में ही शोभायात्रा निकाली गई। जहां सभी ईसाई धर्मावलंबी के द्वारा प्रार्थना करते वापस वेदी के पास आकर प्रार्थना सभा में बदल गई। मिस्सा पूजा में चर्च के बड़े फादर सुरेश, फादर रोशन, बरथोलोमी, एमके जोश सहित हेड प्रचार आनंद के साथ सिस्टर स्वाति उपस्थित थे।गाना का संचालन युवा वर्ग ने किया। महुआडांड चर्च के साथ गोठगांव, तुन्दटोली, पकरीपाठ, चेतमा, साले, चोरोपाठ पारिष में भी शोभायात्रा निकाली गई थी।



# बरवाडीह में ईसाईयों ने हर्षोल्लास के साथ मनाया गया खजूर पर्व

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

बरवाडीह प्रखंड में रविवार को ईसाई धर्मावलंबियो द्वारा खजूर पर्व धूमधाम से मनाया गया.ईसाई धर्म की मान्यता के अनुसार इस सप्ताह में पांच दिन विशेष पूजा होते हैं। खजूर पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय के कैथलिक चर्च के साथ छिपादोहर चर्च , मोरवाई चर्च , बढनिया चर्च समेत अन्य चर्च में विशेष प्राथना सभा का आयोजन किया गया। साथ ही येसु के येरुसलम में प्रवेश के ऐतिहासिक क्षण का स्मरण किया गया .प्रार्थना सभा के बाद ईसाई धर्मावलंबियों के द्वारा बिशप के नेतृत्व में खजूर जुलूस निकाला गया। जिसमे सभी महिला पुरूष बच्चो ने अपने हाथों में खजूर की डालियां लहराते और होशन्ना के नारे लगाते हुए चल रहे थे जहां शांतिपूर्ण तरीके से भ्रमण के बाद जुलूस चर्च परिसर में आकर सम्पन हुआ। ईसाई धर्म गुरु की माने तो प्रभु यीशु ने मानव जाति के मुक्ति व उत्थान के लिए शूली पर चढ़े थे। खजूर पर्व के माध्यम से प्रभु यीशु को याद करने का दिन है प्रभु यीशु के येरुसलम यात्रा को याद कर हमें अध्यात्म की ओर बढ़ना है। हमें उनके उपदेशों को अपने जीवन में उतारने की जरूरत है। प्रभु यीशु ने मानव को मुक्ति देने के लिए शरीर धारण किया। वहीं दूसरी ओर ईसाई समुदाय के द्वारा खजूर पर्व को लेकर निकाली गई जुलूस की विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस टीम भी मुस्तेद थी। मौके पर बेनेदिक लकड़ा, छिपादोहर फादर ज्योतिष बाखला, बरवाडीह फादर आदि शामिल थे।



# श्वांस रोग में कंटकारिका का चमत्कारी प्रभाव



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

**संस्कृत :** कंटकारी, भटकटैया, रीगंणी, लघुकटाई।
**गुजारी :** भोय रींगणी। मराठी : रीगणी, भुई रोहिणीं, लघु रीगंणी।
**तेलगु :** रेवटभ भुलंगा, वाकुहु।
**लेटिन :** सोलेनभ भेन्थोकारपम
**स्वरूप :** एक प्रसरणशील बहुवर्षीय कंटकी, रोमश क्षुप, सभी अंगों पर पीले कांटे होते हैं। पत्ते गहरे कटे हुए पक्षवत् खण्डित, खण्ड दन्तुर, इन पर ताकारार रोम, होने से खुरदरे लगते हैं। पुष्प बैगनी रंग के वर्णी होते हैं। कहीं-कहीं सफेद पुष्प के भी नजर आ जाते है। फल गोल चिकने पीले, सफेद हरी धारियों वाले होते हैं जो पकने पर एकदम पीले हो जाते है।
**स्वाद :** तिक्त- कटु।
**प्रयोज्य अंग :** पंचाग, फल तथा बीज।
**रसायनिक संगठन :** इसके फल में एलकलॉयडस, सोलेसोनाइन, डायोसजैनिन, सोलेसीश्नाइन, कार्पेस्टरोल, सोलेनोकार्पाइन, सोलेसीनाइन, कार्पेस्टरोल, सोलेनोकार्पाइन, सोलानाईन, बीज में - उत्पत तेल, सोलनोकापाइन पुष्प में - फलेवोनॉल, ग्लूकोसाइड, क्वेरसेटिन, एपिजेनिन, सिटोस्टीरॉल, इसके पत्रों में - कॉमरिन, स्कोपोलिन, स्कोपोलोटिन तथा एस्कुलेटिन पाये जाते है।
**गुण :** वातन्घु, मूत्रल, ग्राही, विपर्यय, कफ निःसारक, ज्वरन्घ।
**उपयोग :** पंचाग का प्रयोग जीर्णश्वरी शोथ, श्वासरोग, स्वरयंत्र शोथ, एलर्जिक श्वसनी शोथ, हृदयघात, रक्तदाब नियंत्रण के लिए, इसका क्वाथ सूजाक मेह, गर्भधारण में लाभकारी, फल का रस कंठ दोष, आध्यमान, अश्मरी तथा विबंध में लाभकारी। मूल का क्काथ मूत्रकृच्छ, अश्मरी तथा जलोदर में लाभकारी।
अश्मरी में इसके मूल काचूर्ण याक्षार तथा बृहती के मूल का चूर्ण या क्षार मीठे दही में खिलाने से लाभ। ज्वर तथा कास में इसका मूल तथा गिलोय का क्काथ बल्य रूप में भी लाभकारी, शरीर की पीड़ा कम होती है एवं मूत्र की मात्रा बढ़ती है। आमवात में पत्रों के स्वरस में काली मिर्च मिलाकर पिलाने से लाभ तथा पत्रों का लेप भी किया जाता है। गले की सूजन से इसके फलों का स्वरस लाभकारी होता है। सूजाक में इसके पंचांग का क्काथ बनाकर पीने से लाभ होता है।
इस वनस्पति की प्रसिद्ध कफ को नाश करने के सम्बंध में बहुत अधिक है। जब छाती में कफ भरा हुआ रहता है तब इसके पंचांग का काढ़ा देने से निकल जाता है। इसके फलों के काढ़े में दो माशा शुद्ध की हुई हींग और उतना ही सेंधा नमक डालकर पीने से भयंकर दमा बैठ जाता है।
यूनानी मत से यह दूसरे दर्जे में खुश्क और गरम है। इसके फल में भी वहीं गुण है जो इसके जड़ में है। यह सुजाक, कोढ, कब्ज और मसाने की पथरी को दूर करती है तथा पेशाब को साफ लाती है।
मन्दाग्नि और पित्त विकार को नष्ट करने के लिए यह औषधि बड़ी प्रभावशाली है। इसका तरीका यह है कि इसके फलों के बीज निकालकर इन बीजों को सेंधा नमक डाले तथा उसे मट्ठे में औटाकर



सूर्य की धूप में सुखा लेना चाहिए। इस प्रकार सात दिन तक रोज रात को उनको मट्ठे में भिगोकर दिन में सुखा लिया करें। इसके पश्चात इन बीजों को घी में तलकर खाने से पेट का दर्द,मन्दाग्नि और पित्त के विकार नष्ट होते हैं।
श्वेत कंटकारी की ताजी जड़ को दूध में पीसकर मासिक स्त्राव के चौथे दिन पिलाने से गर्भ धारण होता है। वात जन्य अर्श में इसके पंचागका क्वाथ पिलाने से दस्त साफ आयेगा और आपान निःसरण भी होगा। तृषा में इसके मूल का क्वाथ पिलाने से तृषा शांत होती है। कास में इसके पंचांग के क्वाथ में मूदगर पकाकर उसमें आंवले मिलाकर खिलाने से सब प्रकार की खांसी नष्ट होती है। श्वास रोग में इसके मूल का चूर्ण एक तोला एवं हींग आधाा तोला ,दोनों के सूक्ष्म चूर्ण को मिलाकर उसे मधु के साथ चाटने से प्रबल श्वास भी तीन दिन में नष्ट हो जाता है। मूत्र के दोष को दूर करने के लिये इसके पंचांग का रस सोलह तोला मधु में मिलाकर पिलाने से सभी प्रकार के मूत्र दोष दूर होते हैं।
इन्द्र लुप्त (जिनके बाल उड़ गये हो) - इसके पंचांग के रस में मधु मिलाकर लेंप करने से तथा सुखने के बाद अरहर दाल का पेष्ट लगाकर 3-4 घंटे तक सुखने दें और सुखने पर ठंडे जल से धो दें । ऐसा दिन -रात में दो बार प्रतिदिन करें , कुछ ही दिनों में बाल पुनः उग आते है।
बच्चों को लम्बे समय से खांसी हुई हो तो इसके पुष्पो का सूक्ष्म चूर्ण मधु के साथ बच्चे को चटाने से कितनी भी पुरानी खांसी हो नष्ट हो जाती है। जीर्ण कास तथा जीर्ण ज्वर एवं जुकाम में कंटकारी के ताजे मूल (एक तोला) ,सोठ (एक तोला) गिलोय ताजी (एक तोला) तीनों को कूटकर रात को 400 मिली जल में भिगोकर रखें, इसको प्रातः उबाल कर क्वाथ बना लें, आधा जल रहने पर छानकर एक बोतल में भर लें, इसमें दो तोला मधु मिलाकर इसका सेवन प्रतिदिन तीन बार (प्रातः,दोपहर तथा सायं) बोतल को हिलाकर 30-30 एम एल करना चाहिए।
यदि नेफ्राइटिस हो तो इस क्वाथ में एक तोला पुनर्नवा मिलाकर सेवन करने से अत्यन्त लाभ होता है। कटेरी के स्वरस में मट्ठा मिलाकर कपड़े से छानकर पिलाने से पेशाब की रूकावट फौरन मिट जाती है। इसके फलों के रस को ललाट पर लेप करने से मस्तक शूल बंद हो जाता है। इसके फल के बीज निकालकर उसको पीसकर कामेन्द्रिय पर मालिस करके उपर से आरंडी (रेड़ी) के पत्ते को बॉधने से ध्वजभंग और नपुसकता मिटती है। इसके बीज को आग पर डालने से जो धुआं होगा,उसे मुख मे लेने से दांत के कीड़े मर जाते है और दांत दर्द बंद हो जाता है।
कटेरी की जड़,अनार की जड़ और कन्दोरी को पीसकर स्तनों पर लेप करने से कुछ दिनों में स्तन कठोर हो जाते है। इसकी रस को नाभ में टपकाने से हिस्ट्रीया की बेहोशी जाती रहती है।

# युवाओं में देखने को मिल रहा वीकेंड मैरिज का क्रेज

इन दिनों वीकेंड मैरिज का ट्रेंड चल रहा है। हालांकि भारत देश में वीकेंड मैरिज का चलन अभी शुरू नहीं हुआ है। लेकिन जापान में इस शादी का काफी चलन है। इस शादी के अपने फायदे और नुकसान हैं। हालांकि शादी का यह नया तरीका जापान की इसी सोच का नतीजा है। हमारे समाज में शादी को सबसे जरूरी माना जाता है। इसी कारण कई बार लोगों को न चाहते हुए भी परिवार या रिश्तेदारों के दबाव में आकर शादी करनी पड़ती है। आपने भी कई तरह की शादियों के बारे में सुना होगा। जिनमें कोर्ट मैरिज, अरेंज मैरिज, लव मैरिज और लव-कम-अरेंज मैरिज आदि शामिल है। ईस्ट एशिया के विकसित देशों में शामिल जापान के लोग अपने लाइफस्टाइल और काम को लेकर काफी ज्यादा फोकस होते हैं। जिसके कारण वह अपनी भावनात्मक आवश्यकताओं को भूल जाते हैं। यह देश न सिर्फ तकनीक में आगे है बल्कि यह देश सोच में भी दुनिया से चार कदम आगे है। शादी का यह नया तरीका इसी सोच का नतीजा है। आज हम आपको इस आर्टिकल के जरिए वीकेंड मैरिज के बारे में बताने जा रहे हैं। इसके साथ ही यह भी जानेंगे कि वीकेंड मैरिज के बाद कपल्स को किन-किन चीजों के लिए आजादी मिलती है और इसके नुकसान क्या-क्या हैं।



## वीकेंड मैरिज

आपको बता दें कि वीकेंड मैरिज को सेपरेशन मैरिज भी कहा जाता है। जैसा कि इस शादी के नाम में ही इसका अर्थ भी छिपा हुआ है। इस शादी को करने वाले कपल्स केवल वीकेंड पर ही साथ में रहते हैं। बाकि के दिनों में वह अपनी मन-मर्जी के हिसाब से जिंदगी जीते हैं। इस शादी में कपल को एक-दूसरे की लाइफ में इंटरफेयर करने की जरूरत नहीं होती है। एक तरह से कह सकते हैं कि शादीशुदा होने के बाद भी आप सिंगल लोगों की तरह लाइफ जीते हैं।

## पर्सनल स्पेस

वीकेंड मैरिज में शादी के बाद आप हफ्ते के 5 दिन बिना अपने पार्टनर के दखलअंदाजी के जैसे चाहें वैसे रह सकते हैं। हालांकि बाकी शादियों या फिर लव रिलेशन की तरह इस शादी में पार्टनर से पर्सनल स्पेस मांगने की जरूरत नहीं पड़ती है। शादी के बाद भी कपल भूरपूर तरीके से अपनी आजादी को एंज्वॉय करते हैं।

## केवल वींकेड पर बिताना है पार्टनर के साथ समय

जैसा कि वीकेंड में व्यक्ति पर काम का प्रेशर ज्यादा नहीं रहता है। ऐसे में पार्टनर के साथ बिताने वाला हर एक पल आपके लिए क्वालिटी टाइम होता है। इस तरह से आपसी मतभेद और विवाद होने के चांसेज भी कम होते हैं। क्योंकि जब आप अपने पार्टनर के साथ कम समस के लिए साथ होते हैं तो उस मूवमेंट को जमकर एंज्वॉय करते हैं।

## करियर की रुकावट

शादी के बाद अधिकतर महिलाओं को परिवार या करियर में से किसी एक को चुनना पड़ता है। ऐसे में महिलाएं अक्सर अपने करियर से समझौता कर लेती हैं। लेकिन आपको बता दें कि वीकेंड मैरिज में आपके करियर में कोई रुकावट नहीं आती है। कपल एक साथ अपने करियर और रिश्ते को बेहतर तरीके से हैंडल कर पाते हैं।

## वीकेंड मैरिज के नुकसान

हालांकि वीकेंड मैरिज के तमाम सारे फायदों के साथ इसके कुछ नुकसान भी हैं। इस शादी में महिलाओं और पुरुषों दोनों का आर्थिक रूप से मजबूत होना बहुत जरूरी होता है। क्योंकि बच्चा होने के बाद महिलाओं का ज्यादा समय परवरिश में गुजरता है और पैरेंटिंग में उन्हें पति का सहयोग भी नहीं मिल पाता है।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### प्रशंसा

चन्द्रमा की शुभ्र चाँदनी
तेरे रूप का बखान है।

वो घटा कहाँ से लाऊँ मैं
जो तेरे केश का करे बखान।

मदिरालय में मदहोशी में
एक स्मृति - एक याद यूँ ही
वो होंठों पर जो आये कभी
तेरे गीतों के ही बोल थे वो।

गुलाब की वो पँखुरियाँ
तेरे मुस्कान की एक छटा।

चन्द्रमा की शुभ्र चाँदनी
तेरे रूप का बखान है।

❖ नाग मणि

# मैं मूरख खल कामी



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त
चरवाणी : 73 8657 8657

**मूरख जो खोजन मैं चला, मूरख न मिलिया कोय।**
**जो मूरख खोजा आपने, मुझसे मूरख न कोय।।**

एक दिन मुझे लगा कि मेरे चारों ओर मूर्खों की संख्या अधिक हो गयी है। मुझे इन मूर्खों का पता लगाने की इच्छा हुई। इसके लिए मैंने अपने एक घनिष्ठ मित्र की सहायता ली। चूंकि मेरा मित्र मुझे और मेरे ईर्द-गिर्द रहने वालों को अच्छी तरह से जानता था, सो यह जिम्मेदारी उसे सौंप दी। मैंने उससे कहा कि तुम जल्दी से मूर्खों की सूची बनाओ जिससे मैं वैसे लोगों से दूर रह सकूं। उनके कारण आए दिन मेरा समय और पैसा दोनों बर्बाद हो रहा है।
काफी हाथ-पैर मारने के बाद मित्र ने एक सूची बनायी। सूची देखकर मेरे तोते उड़ गए। मेरे चारों खाने चित्त थे। उस सूची में एक मात्र मेरा नाम लिखा था। यह देखकर मैं अपना आपा खो बैठा। मैंने मित्र से पूछा कि तुम्हें कुछ अक्ल-वक्ल भी है या नहीं? तुम्हें मेरा नाम लिखते हुए शर्म नहीं आयी? तुमने ऐसे-कैसे मेरा नाम लिख दिया? उसने मेरा गुस्सा शांत करने की लाख कोशिश की। मेरा गुस्सा सातवें आसमान पर था। आव देखा न ताव। बाल नोंचते हुए कहा कि मैं मित्रता बहुत सोच-समझकर करता हूं। हां यह अलग बात है कि इनमें एकाध लोग मूर्ख हो सकते हैं। इसका मतलब यह नहीं कि तुम मेरा ही नाम लिख दो। मैं तुमसे शर्त लगाता हूं कि यदि तुम मुझे मूर्ख साबित कर दोगे तो मैं तुम्हारा हर कहा मानूंगा।
इस पर मित्र ने कहा कि सबसे पहले तो आपके दिमाग में यह बात आयी ही क्यों कि कौन बुद्धिमान है और कौन मूर्ख? बुद्धिमान लोगों पर संदेह करना या उनकी बुद्धिमता पर प्रश्नचिह्न लगाना मूर्खों का लक्षण नहीं तो और क्या है? इसीलिए मेरी नजर में आपसे बढ़कर कोई दूसरा मूर्ख हो ही नहीं सकता।
मैं अपना आपा खो चुका था। मित्र से कहा कि तुम्हें मैंने मेरे मूर्ख मित्रों की सूची बनाने की जिम्मेदारी क्या सौंप दी, तुम स्वयं को बड़ा बुद्धिमान समझने लगे। तुमने मेरे सभी मित्रों को मूर्ख बताने की बहुत बड़ी भूल की है। मैं तुम्हें यह साबित कर दिखाऊंगा कि मूर्ख मैं नहीं तुम हो। इस पर मित्र ने कहा कि यदि ऐसा होता भी है तो आप ही मूर्ख साबित होंगे। सबसे पहली बात तो यह कि जो व्यक्ति स्वयं को बुद्धिमान मानता हो और वही मूर्ख मित्रों की खोज में लगा हो तो वह मूर्ख नहीं तो और क्या होगा? इसीलिए आपसे बढ़कर मूर्ख और कौन हो सकता है? सच तो यह है कि मूर्ख-वूर्ख नाम का कोई प्राणी होता ही नहीं है। जो हमारे काम आ जाए वह समझदार, बुद्धिमान लगने लगता है। यदि वह किसी काम न आए तो उसे हम बेकार और बात न मानने पर बेवकूफ कहने लगते हैं।
मुझे उस दिन पहली बार लगा कि मूर्खता तो एक अवस्था है। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन के मुताबिक समझदारी और मूर्खता में मोटा फर्क यह है कि समझदारी की एक सीमा होती है, जबकि मूर्खता की कोई सीमा नहीं होती। मूर्खता की खोज किसी बुराई की खोज से कम नहीं है। वास्तव में मेरे मित्र ने मूर्खों की सूची के नाम पर एकमात्र मेरा नाम लिखकर उसने कबीर के बदले हुए शब्दों में सिद्ध कर दिया कि मूरख जो खोजन मैं चला, मूरख न मिलिया कोय/ जो मूरख खोजा आपने, मुझसे मूरख न कोय।

## सूडोकु नवताल- 6658

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6657 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

## दैनिक पंचांग

**03 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 06.29 बजे से |
| चंद्र | सिंह में | वृष | 08.09 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 10.07 बजे से |
| बुध | मेष में | कर्क | 12.20 बजे से |
| गुरु | मीन में | सिंह | 14.37 बजे से |
| शुक्र | मेष में | कन्या | 16.49 बजे से |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.59 बजे से |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 21.14 ब.से |
| केतु | तुला में | धनु | 23.30 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 01.35 बजे से |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 03.22 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 04.54 बजे से |

**सोमवार** 2023 वर्ष का 93 वां दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** द्वादशी 06.25 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** मघा 07.24 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 03.40 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** बालव 06.25 बजे तदनन्तर कौलव 19.19 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.3 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 05° 08'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1871572
**जूलियन दिन** 2460037.5
**कलियुग संवत्** 5123
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2549
**हिजरी सन्** 1444
**महीना** रमजान
**तारीख** 11
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7721



**बाएँ से दाएँ**
1.भगवान, ईश्वर,रब-7
6.रुपये का सोलहवां भाग-2
7.मध्यप्रदेश का एक भाग-3
8.मूल्य,कीमत,दर-2
10.जी,इच्छा,चित-2
11.नलका,टोंटी-2
13.बारीक,सूक्ष्म-3
14.रेखा,लाइन-3
15.रग,नाड़ी-2
17.अधिकार -2
18.वध,कत्ल,मर्डर-2
20.दौड़ने वाला,धावक (अंग्रेजी-3)
21.एक आंख वाला-2
22.निंदा करना,प्रतिष्ठा खंडित करना-4,3

**ऊपर से नीचे**
2.निर्माण,बनाना-3
3.एक संगीतकार-4
4.गाड़ी चलानेवाला-4
5.नखरा-2
6.आरामदेय-5
9.इच्छा पूरी करना-2,3
10.चिंतन-3
12.उत्साह,जिज्ञासा-3
16.हद,सीमा,बार्डर-4
17.हमेशा,सदैव-4
19.बलिदान,परित्याग, विरक्ति-2
21.नास्तिक (उर्दू-2)

### शब्द पहेली-7720 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ही | | का | | म | | ह | क |
| ला | | सा | या | | य | श | | हा |
| म | त | ली | | सां | | क | ल | र |
| | ल | | च | प | ल | | ह | |
| घ | ब | रा | ना | | च | प | ल | ता |
| | गा | | ब | हा | र | | हा | |
| भ | र | म | | नि | | प | ना | ह |
| ला | | द | ल | | क | द | | बे |
| ई | ख | | म्हा | | ली | | डा | ली |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कैरियर के लिहाज से कोई निर्णय लेना पड़ सकता है, सोच-समझकर लिया गया फैसला आपके जीवन में सकारात्मक बदलाव लेकर आएगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अंहकार और अति आत्मविश्वास से बचने की जरूरत है। कार्यों में सफलता मिलेगी और कैरियर को उम्मीदों के पंख लग सकते हैं।

**मिथुन राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। नयी ऊर्जा का प्रवाह आपको निजी एवं व्यवसायिक स्तर पर नए कार्यों से जुड़ने के लिये प्रेरित कर सकता है।

**कर्क राशि :** आज के दिन आप अपनी भावनाओं में सकारात्मक परिवर्तन महसूस करेंगे। यह परिवर्तन खुशियों से भरपूर रहने के आसार हैं।

**सिंह राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। हर काम में आसानी से सफलता मिलेगी। अपनी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा में इस्तेमाल करना फायदेमंद रहेगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन संबंधी परेशानियों से निजात मिलेगी। कारोबार में अच्छा मुनाफा मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के योग रहेंगे।

**तुला राशि :** आज का दिन सामान्य रहेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। बिजनेस में अच्छा फायदा होगा, लेकिन अपने काम पर ध्यान लगाना मुश्किल हो सकता है।

**वृश्चिक राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। कुछ सुखद समाचार मिलने की उम्मीद हैं। व्यावसायिक स्तर पर अपनी ओर से भरसक प्रयास करें, सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

**धनु राशि :** आज का दिन आपके लिये व्यस्तताओं भरा हो सकता है। अपनी सेहत के प्रति सचेत रहने की आवश्यकता है। प्रियजनों के लिये समय निकाल पाना मुश्किल होगा।

**मकर राशि :** आज का दिन मिला-जुला रहेगा। पुराने विवादों से निजात मिल सकती है। समझदारी से उठाया गया एक छोटा सा कदम दुश्मनी को दोस्ती में बदल सकता है।

**कुंभ राशि :** आज का दिन शुभ फलदायक रहेगा। आप अपने आस-पास सकारात्मक ऊर्जा महसूस करेंगे। कार्यस्थल पर आप बेहतर प्रदर्शन कर सकते हैं। कार्यशैली में रचनात्मकता आपको कार्यजीवन में प्रगति के लिये प्रेरित कर सकती है।

**मीन राशि :** आज का दिन अच्छा रहेगा। धन कमाने के नए स्रोत मिल सकते हैं। मेहनत के चलते कारोबार में अच्छा लाभ होगा। हालांकि, खर्चों में भी वृद्धि रहेगी। परिवार में किसी से अनबन चल रही है।

